# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री


13 गौ सत्याग्रह : मवेशी लेकर नगर पंचायत आमदी ...



18 देशभक्ति का जज्बा और छत्तीसगढ़ी नृत्य ने बांधा...





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

**आवेदन की अंतिम तिथि 24/08/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.



2011 से संचालित

**शंकराचार्य**

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482 81030 45003 98062 87706

Website : ssscn.ac.in


### बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने निकाली आक्रोश रैली, प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# भारत सरकार हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोके

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बांग्लादेश में हिन्दुओं के नरसंहार के विरोध में शुक्रवार को सर्व हिन्दू समाज ने शहर में आक्रोश रैली निकाली। रैली शाम 5 बजे गांधी चौक से प्रारंभ हुई जो जुलूस के रूप में कचहरी चौक, चमेली चौक, मठमंदिर चौक होते हुए घड़ी चौक पहुंची। यहां सभा आयोजित कर वरिष्ठों ने आम जनता को संबोधित किया। इससे पूर्व गांधी चौक में भी सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाज प्रमुखों ने नरसंहार के विरोध में आक्रोश प्रकट किया। सर्व हिन्दू समाज का कहना है कि भारत में बसे बांग्लादेशी और रोहिंग्यो को देश से बाहर भेजे। भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करे। बांग्लादेश में शांति स्थापित करने भारतीय सेना भेजा जाए। सर्व हिन्दू समाज ने इसके लिए प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष दीपक लखोटिया ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार से भारत के हिन्दुओं में आक्रोश है। इसके विरोध में आक्रोश रैली निकाली गई। हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। आगे कहा कि हिन्दुओं के साथ अत्याचार निंदनीय है।हिन्दुओं के मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिन्दू महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है, उसे रोकना होगा। पूरे विश्व के भारतीयों में रोष है। भारत सरकार हिन्दुओं की रक्षा करने की पहल करे। जरूरत पड़ी तो सेना भेजे। भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करे।





हिन्दू समाज के सुबोध राठी ने कहा कि भारत की भूमि शक्ति, भक्ति, मुक्ति और यौवन का प्रतीक है। यदि भारत या विश्व में रह रहे हिंदुओं को छेड़ा गया तो उनका विनाश निश्चित है। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसको तोड़ने का, विभाजित करने का कुप्रयास किया जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहा है। हिंदुओं का कत्लेआम किया जा रहा है। मंदिर को तोड़ा जा रहा है। महिलाओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है, जिसे हिन्दू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।




इतिहास गवाह है कि विदेशी आक्रमणकारी हमेशा से ही हिंदुओं को टारगेट करते आ रहे है, जिसे अब रोकना होगा। सर्व हिन्दू समाज भारत सरकार से मांग करती है कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार, हत्या, लूटपाट को रोकने प्रयास करे। जरूरत पड़ी तो सेना भेजकर हिंदुओं की रक्षा करे। वहां के शरणार्थी हिंदुओं को बार्डर पर शरण दे, उनकी खाने-पीने, रहने की व्यवस्था करे। दोषियों पर कार्रवाई करने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहल करे। हमें जातियों में न बंटकर पूरे हिन्दू समाज को एक होना पड़ेगा।

चन्द्रशेखर वर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहा अत्याचार निंदनीय है, इस कृत्य की सर्व हिन्दू समाज घोर निंदा करते हुए भारत सरकार से आग्रह करता है कि हिंदुओं और उनके हितों की रक्षा करने कठोर कदम उठाए। बांग्लादेश में सेना भेजे। अत्याचार को रोके। आगे कहा कि नारों से देश नहीं चलेगा। संकल्प के साथ आगे बढ़ना है तभी हिन्दू हितों की रक्षा होगी। हिन्दू जातियों में बंटा है जिसे संगठित करना है। भावना जगाना है कि हम सब सिर्फ हिन्दू हैं। हिन्दू घटेगा, देश बंटेगा इस नारे को बुलंद करना है।

सभा को हिन्दू समाज के बीथिका विश्वास, निर्मल बरडिया, दीपक लोंढे, परमेश्वर फुटान, आकाश गोलछा, धनसिंग सेन, मोहित सेन, हरजिंदर छाबड़ा, अवनेन्द्र साहू, यशवंत साहू, नंदू जसवानी, अजय जैन, पवन अग्रवाल, वरूण राय, डॉ अनिल रावत सहित विभिन्न समाज प्रमुखों ने संबोधित करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को तत्काल रोकने की मांग भारत सरकार से की है।

इस अवसर पर शैलेष बाजपेयी, बिशेषर पटेल, दिलीप पटेल, चंदू जसवानी, रामू वाधवानी, टोपेश्वर देवांगन, ओमप्रकाश महावर, आनंद पवार, प्रदीप अग्रवाल, महेश पटवा, दिनेश पटवा, राजकुमार पटेल, रमेश लहरे, विजय सोनवानी, रोहित साहू, धनेश्वर यादव, डॉ. धर्मेन्द्र सिन्हा, दिनेश नामदेव, मोहित सेन, मृत्युंजय कर, लखमशी भानुशाली, एआर थिटे, आशीष थिटे, डॉ. अनंत दीक्षित, शत्रुघन पांडे, अनिल सोलंके, होरीलाल साहू, टीकमचंद गोलछा, राजेन्द्र माहेश्वरी, भूपेन्द्र मिश्रा, प्रकाश सोलंकी, संतोष सोनकर, राजू सोनकर, अमर पिंजानी, नरेन्द्र जायसवाल, गोविंद गांधी, राधेश्याम राठी, लक्ष्मण साहू, पहलवान रामचंद देवांगन सहित पांच हजार से अधिक सर्व हिन्दू समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### बांग्लादेश की सेना और पुलिस विफल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा कि जिले का पूरा हिन्दू समाज बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार से आक्रोशित है। रैली के माध्यम से रोष प्रकट करते हुए मांग करता है कि बांग्लादेश में रह रहे हिन्दू समाज, समुदाय, हिन्दू मठ, मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। बांग्लादेश की सेना और पुलिस वहां के हिंदुओं को सुरक्षा देने में विफल रही है। सर्व हिन्दू समाज की मांग है कि तत्काल भारतीय सेना बांग्लादेश भेजी जाए तथा वहां के हिंदुओं एवं धार्मिक स्थलों को अपने संरक्षण में लेकर उपद्रवी तत्वों पर सीधी कार्यवाही प्रारंभ की जाए। बांग्लादेश सहित पूरे विश्व में रह रहे हिन्दू समुदाय एवं उनके धर्म स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने अंतर्राष्ट्रीय मंच में इस विषय को प्रमुख से रखा जाए। भारत में रह रहे उपद्रवी विदेशियों को चिन्हांकित कर तत्काल देश से बाहर निकाला जाए। बार्डर के पास एकत्र हिन्दू समुदाय को निकटवर्ती क्षेत्रों में शिविर बनाकर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संसद के अंदर तत्काल विशेष सत्र बुलाया जाए और संसद के माध्यम से इस पर सार्थक निर्णय लिया जाए। भारत को अधिकृत रूप से हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### करगा में 18 को रामधुनी एवं लोकार्पण कार्यक्रम

**जीजामगांव।** श्री बाल गोपाल रामधुनी मंडली एवं बोल बम सेवा समिति के सहयोग से ग्राम करगा में छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय रामधुनी झांकी एवं गायन प्रतियोगिता का शुभारंभ तथा ग्राम पंचायत में हुए कार्यों का लोकार्पण 18 अगस्त को सुबह 11 बजे अजय चंद्राकर विधायक कुरुद करेंगे।

### रेणुका का प्रयास में चयन

**नगरी।** प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल नगरी की छात्रा कुमारी रेणुका पटेल पिता प्रकाशचंद्र पटेल नगरी का प्रयास में अध्ययन के लिए चयन हुआ है। रेणुका शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। इनके चयन पर संस्था प्रमुख विकल गुप्ता, प्राचार्य श्रीमती सुनीता कश्यप, हेमराज हिरवानी, श्रीमती एस वर्मा, संगीता साहू, थमेश्वरी साहू, वैभव सोनी, कुमारी मुनेश्वरी साहू ने उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।



### भगवान गोरखनाथ के जन्म उत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम



**धमतरी।** अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा भगवान गुरू गोरखनाथ के जन्म उत्सव को पर्व के रूप में मना रही है। सावन महोत्सव 2024 के तहत वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों का सिलसिला 9 अगस्त से शुरू हो गया है। नागपंचमी पर भगवान जाहरवीर गोगाजी की छड़ी की स्थापना की गई। इसके बाद 11 अगस्त को रामबाग तालाब में खाजा मिलन का आयोजन किया गया। इसी दिन रामबाग से गणेश चौक तक फेरी यात्रा निकाली गई। 17 अगस्त से लगातार कार्यक्रम होंगे। 17 अगस्त को गणेश चौक से सदर बाजार तक फेरीयात्रा निकाली जाएगी। 18 अगस्त को गणेश चौक से इतवारी बाजार तक फेरीयात्रा होगी। 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर विशेष पूजा अर्चना और रात में भजन कीर्तन प्रसाद , वितरण और जागरण होगा। 20 को भोजली पर्व पर भोजली शोभायात्रा का आयोजन होगा। 26 को कृष्ण जन्माष्टमी पर रात्रि विशेष पूजा, प्रसाद का वितरण होगा। अंतिम दिन 27 अगस्त को गोगा नवमी पर विशेष पूजा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# फंदे पर लटकी मिली स्कूली छात्र की लाश

- हटकेशर खार नहर नाली की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक दिन पहले घूमने जाने की बात कहकर घर से निकले स्कूली छात्र की लाश दूसरे दिन हटकेशर खार की नहर नाली स्थित पेड़ पर फांसी में लटकी पाई गई। वहीं पेड़ की डाली पर एक और चुनरी लटके मिलने से मामला रहस्यमय है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियाडीह निवासी मोहित साहू पिता संतोष उम्र साढ़े 17 वर्ष म्युनिस्पिल स्कूल धमतरी में कक्षा 11 में आर्ट्स की पढ़ाई कर रहा था। गुरूवार को छात्र अपने घर में परिजनों को घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था जो रात तक वापस घर नहीं लौटा था। शुक्रवार की सुबह बाईपास के पास हटकेशर खार में बठेना नहरनाली स्थित नीम के पेड़ में एक नाबालिग का शव फांसी पर लटके देखा। घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी गई। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची जहां नीम पेड़ की डाली में स्कार्फ के फंदे में एक नाबालिग फांसी पर लटका हुआ था। नाबालिग पेंट-शर्ट पहना हुआ था। उसके पैर में मोजा था जो गीला हो चुका था। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। इसी दौरान मृतक का चाचा काम के सिलसिले में धमतरी आने के लिये गांव से निकला था। तभी उसने मोबाइल पर किसी के फांसी पर लटके शव की फोटो देखी। उसकी पहचान अपने भतीजे मोहित साहू के रूप में की। घटनास्थल पहुंचकर चाचा ने मृतक की पहचान की। पुलिस को गुरूवार से मोहित को घर से निकले होने की जानकारी दी। पुलिस ने शव को रक्तदान एम्बुलेंस से शिवा प्रधान की मदद से जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस घटना को प्रथम दृष्टया आत्महत्या मानकर जांच कर रही है।



अर्जुनी थाना के एसआई कपिश्वर पुष्पकार ने बताया कि वे सूचना पर मौके में पहुंचे तो देखा कि नीम पेड़ में फंदे पर एक शव लटका हुआ था। उसकी शिनाख्ति मोहित साहू साढ़े 17 वर्ष पोटियाडीह निवासी के रूप में की गई। छात्र म्युनिस्पिल स्कूल में कक्षा 11वीं का छात्र है। मामले की जांच की जा रही है।

### पेड़ पर था दूसरा खाली फंदा

छात्र की जिस नीम के पेड़ की डाली में बंधे स्कार्फ पर लाश मिली थी। उसी डाली में थोड़ी दूर पर एक चुनरी का फंदा भी लटका रहा था, जो खाली था। जिसके कारण यह घटना रहस्यमयी हो गई है। इसका खुलासा नहीं हो पाया है। क्या खाली फंदा किसी लड़की के लिये था, यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पेड़ा, मिल्क केक, बेसन लड्डू के नमूने जांच के लिए भेजे गए

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य परिसरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर रक्षाबंधन त्योहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया। इस दौरान धमतरी स्थित गोपी डेयरी एंड स्वीट्स, बीकानेर स्वीट्स, जनार्दन 2 होटल, हेमंत दुग्ध डेयरी रूद्री रोड, गुप्ता होटल रूद्री, रिंकु होटल, अर्जुन होटल भखारा, कुकरेल स्थित यादव होटल, रूपेन्द्र किराना, अशोका होटल, प्रियांशु भोजनालय, चन्द्राकर ट्रेडिंग, शुभ लक्ष्मी स्वीट्स, साहू होटल एंड स्वीट्स, अम्बे प्रोविजन सहित धीरत किराना एवं डेलीनीड्स दरबा, नगरी स्थित उत्तम किराना स्टोर्स, चरण होटल, साहू मिष्ठान, जलराज होटल और मालाजी होटल एवं कृष्णा होटल सांकरा का निरीक्षण किया। जांच के लिए पेड़ा, मिल्क केक, सोन पापड़ी, बेसन लड्डू, तेल, बेसन एवं दही का नमूना संग्रहण कर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा। साथ ही न्यायालय में दर्ज प्रकरण शिव सखी मैदान, जिसका नमूना कोर्रा (भखारा) से लिया गया था, उस पर एक लाख 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।





निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय कुमार सोनी, फनेश्वर पिथोरा एवं नमूना सहायक गिरजा शंकर वर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित जगहों की सफाई व्यवस्था बनाए रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाई एवं नमकीन बनाने में करने निर्देशित किया गया।

### भारी भरकम जुर्माना के खिलाफ अपील को लोवर कोर्ट ने किया खारिज

# हाईवा परिवहन संघ को न्यायालय से भी राहत नहीं

- अवैध भंडारण से मुरूम-मिट्टी वाली रायल्टी से महाराष्ट्र होता था परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरकार के बाद न्यायालय से भी हाइवा संघ को राहत नहीं मिली है। रेत के अवैध परिवहन में भारी भरकम जुर्माना को लेकर हाइवा परिवहन संघ ने लोवर कोर्ट में भी अपील की थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इधर मुजगहन में रेत के अवैध भंडारण से रेत परिवहन के लिए बगरूमनाला की रायल्टी काटे जाने का मामला सामने आया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर बैकफुट में आये जिला प्रशासन ने भारी भरकम जुर्माना लगाने का फैसला लिया। हाइवा तथा डाला बॉडी ट्रकों पर 2 लाख से अधिक रूपये का जुर्माना ठोका गया। वहीं अवैध उत्खनन में लगे पोकलेन मशीन पर 4 लाख रूपये से अधिक का जुर्माना तय किया। पांच गुना अधिक जुर्माना से हड़कंप में आये छग हाइवा परिवहन कल्याण संघ ने कलेक्टोरेट के समक्ष तथा गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन किया। संघ ने इसके बाद राजधानी रायपुर में भी प्रदर्शन किया। लोवर कोर्ट में जुर्माना को लेकर अपील भी की गई। संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल ने बताया कि हाईकोर्ट से इसका फैसला नहीं आया है। लोवर कोर्ट में मामला खारिज होने की खबर मिली है।



#### मुजगहन के अवैध भंडारण में बगरूमनाला की रायल्टी

16 जुलाई को लोहरसी स्थित रोड मुजगहन में अवैध रेत भंडारण पर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम विभोर अग्रवाल, नायब तहसीलदार, अर्जुनी थाना टीआई तथा माईनिंग टीम ने बड़ी कार्रवाई की। 20 डाला बॉडी ट्रकों को जब्त कर माईनिंग विभाग को सौंपा गया। माईनिंग की नाक के नीचे लंबे समय से चल रहे अवैध भंडारण में ट्रकों को परिवहन के लिए बगरूमनाला का टीपी दिया जाता था।

इस संबंध में खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह से हरिभूमि संवाददाता ने सीधी बातचीत की। **सवाल-** अवैध भंडारण में बगरूमनाला खदान का टीपी दिया जा सकता है क्या? **जवाब**-ट्रांजिट पास (टीपी) का कहीं भी इस्तेमाल किया जा सकता है। टीपी मुरूम, रेत तथा मिट्टी परिवहन के लिए जारी हुआ है। **सवाल**-मुरूरम, मिट्टी, रेत के लिए किस नियम के तहत रायल्टी जारी होती है? **जवाब**-वह रायल्टी उनके कार्यकाल से पहले जारी की गई है। नियमानुसार धारा 59 के तहत जहां रेत, मुरूम, मिट्टी होती है वहां के लिए इसे जारी किया जाता है। **सवाल**-अवैध भंडारण पर क्या कार्रवाई हुई? **जवाब**-25 हाइवा का अवैध भंडारण का प्रकरण बनाया गया। 3.50 लाख का जुर्माना किया गया है। **सवाल**-अवैध भंडारण के जब्त ट्रकों पर क्या कार्रवाई हुई? **जवाब**-20 वाहनों को जब्त किया गया। सभी वाहनों पर 2 लाख से अधिक का जुर्माना लगेगा। ओव्हरलोड परिवहन को लेकर परिवहन विभाग को वाहनों के धर्मकांटा वजन को प्रकरण के लिए भेजा गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि 19 अवैध डंपिंग का प्रकरण बनाया गया है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### परखंदा में निकली तिरंगा रैली

**कुरुद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिंरगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम पंचायत परखंदा एवं शासकीय उमावि परखंदा के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली एवं राष्ट्र तिरंगा के सम्मान में शपथ ली गई। यह तिरंगा रैली स्कूल परिसर से होकर ग्राम परखंदा की गलियों से गुजरती हुई ग्राम पंचायत परिसर में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा रैली निकालकर तिरंगे के जयकारों से गलियों में भ्रमण कर संदेश दिया। मुख्य अतिथि टिकेश साहू सरपंच नवागांव एवं विशिष्ट अतिथि परखंदा सरपंच शत्रुघ्न बारले, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती तारा गिरेंद्र साहू, चैन सिंह साहू, पंचगण, सचिव लोकेश साहू, पोषण साहू, सुशील साहू व शाला परिवार के शिक्षक, विद्यार्थियों उपस्थित रहे।

विधायक अंबिका मरकाम ने स्वतंत्रता दिवस पर कई स्थानों पर किया ध्वजारोहण

# पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान से मिली आजादी : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





स्वतंत्रता दिवस पर सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने कई स्थानों पर ध्वजारोहण किया। सुबह 8 बजे ग्राम छिपली के मूकबधिर स्कूल में ध्वजारोहण किया। विधायक निवास नगरी में 9 बजे ध्वजारोहण के कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के पत्र का वचन विधायक अंबिका मरकाम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती मरकाम ने कहा कि आज जो हम इस खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया है। हमारे पूर्वजों के द्वारा दी गई आजादी को हमारे आने वाले पीढ़ी याद रखें इसलिए प्रतिवर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे भारतवर्ष में मनाते आ रहे हैं। इससे निश्चित ही आने वाली पीढ़ियों को हमारे पूर्वजों के बलिदान के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में कांग्रेस पार्टी का बड़ा योगदान रहा है। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, खुदीराम बोस, बिस्मिल्लाह ने देश को आजाद करने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी जिसका नतीजा हुआ कि अंग्रेजों को देश को छोड़कर भागना पड़ा। आज हम एक नई ऊर्जा, नई टेक्नोलॉजी के साथ अन्य देश के साथ कदम से कदम मिलाकर उनसे आगे चलने की दिशा में अग्रसर है। हमारे दूरदर्शी नेताओं ने इस सभी की नींव रखी थी। अंबिका मरकाम ने क्षेत्र के विकास में हमेशा योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम को पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष भूषण साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी राम सिंग साहू, एल .एल.ध्रुव आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के सदस्य मौजूद थे।

## नेता प्रतिपक्ष भानु ने विभिन्न स्थानों पर किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



आजादी के महान पर्व स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दिन नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर ने अपने गृह वार्ड बजरंग चौक, श्रीराम मंदिर चौक में ध्वजारोहण किया। बस स्टैण्ड में ऑटो यूनियन द्वारा पिछले 13 वर्ष में लगातार 25 वीं बार तिरंगा ध्वज फहराकर कुरूद के संघ संगठन के नई परंपरा और विश्वास को क़ायम कर इस ऐतिहासिक मौक़े को यादगार बनाने के लिए नगर में तिरंगे झंडे के साथ आटो रैली निकाली गई जिसमें भानु ने आटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ आटो रैली में सम्मिलित होकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## नपं अध्यक्ष तपन ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



देश की आजादी की 78 वीं वर्षगांठ पर नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने तिरंगा झंडा फहराकर राष्ट्रगान गाया। इस दौरान उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम शिक्षा, स्वच्छता, और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दें। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश के हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हो। हम सभी को मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहिए जहां गरीबी, अशिक्षा, और भेदभाव का कोई स्थान न हो। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहू, सीएमओ महेंद्र गुप्ता, पार्षद राखी चन्द्राकर, मनीष साहू, उत्तम साहू, डुमेश साहू, देवव्रत साहू, नगर पंचायत के अन्य पार्षद एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# छात्रों ने भारत माता, जवाहरलाल नेहरू भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद का रूप धरा

- रेन्बो इंग्लिश स्कूल में द सुपर हीरो ऑफ इंडिया थीम पर हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



रेन्बो इंग्लिश मिडियम स्कूल करेली छोटी मेघा में आजादी के महानायकों की गौरव गाथा एवं राष्ट्र प्रेम से बच्चों को अवगत कराने द सुपर हीरो ऑफ इंडिया थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से बच्चों को देश की आजादी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उल्लेखनीय योगदान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भारत माता, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई, भीमराव अम्बेडकर, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सेना के जवान, नेवी अधिकारी के मनमोहक रूप में सजकर देश के लिए किए गए उनके कार्यों एवं यादों को जीवंत करते हुए प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम स्कूल के डायरेक्टर पारखदास मानिकपुरी, प्रबंधक श्रीमती साधना साहू, प्राचार्या श्रीमती दीप्ति मानिकपुरी के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन संगीत शिक्षक लीलेंद्र साहू एवं स्कूल हेड बॉय आयुष ध्रुव ने किया। इस आयोजन में रविशंकर साहू, खिलेश्वरी साहू, छबीला यादव, डामिन साहू, पिंकी साहू, धनुर्जय ठाकुर, सुनीता सोनी, फलेश्वरी साहू, खेमलता साहू, सीतारानी साहू, भीमेश्वरी आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## भखारा कॉलेज में हरख ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



शासकीय महर्षि वेदव्यास कॉलेज भखारा में अध्यक्ष जनभागीदारी समिति हरख जैन ने ध्वजारोहण मुख्य अतिथि के रूप में किया। मुख्य अतिथि श्री जैन ने स्वतंत्रता संग्राम में आहुति देने वाले और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले देशभक्तों से देशभक्ति और राष्ट्रवाद की प्रेरणा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सुभाष चंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति मजबूत करने की भूमिका के बारे में विद्यार्थियों को बताया। उनकी कुर्बानी को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य डॉ संजय शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। बीएचयू प्रोफेसर योगेंद्र जैन ने विद्यार्थियों से अपनी स्किल डेवलपमेंट करने और भारत के विकास में योगदान देने के लिए आह्वान किया। संचालन डा भुवाल सिंग ठाकुर प्रोफेसर एवं कविता वैष्णव ने किया। इस अवसर पर छत्रपाल बैस, भागीरथी साहू, लोमन कंव, खर्मेश्वर राव, मनीष कश्यप, असराज साहू व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्र प्रेम जगाने निकाली गई तिरंगा यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी में मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को घर-घर में लगाने एवं जनमानस तक राष्ट्र प्रेम जगाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाअभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर पंचायत नगरी और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौके पर नगरीय निकाय संयोजक नागेंद्र शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, मंडल महामंत्री हृदय साहू, पार्षद अश्वनी निषाद, भूपेन्द्र साहू, विनीता कोठारी, पूनम छाबड़ा, बलजीत छाबड़ा सहित नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी व शिक्षकगण उपस्थित थे। स्कूली छात्रों एवं जनप्रतिनिधियों ने हाथों में तिरंगा लेकर नगर का भम्रण किया।

# नशा समाज का दुश्मन, इससे दूर रहना ही बेहतर

- घोटगांव स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता पर हुई गोष्ठी, छात्रों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



समाज कल्याण विभाग गृह विभाग एवं शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्था नशा मुक्ति केंद्र धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटगांव में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण सामाजिक परिवेश में मादक पदार्थ एवं नशीले पदार्थ से दूर रहने के लिए लोगों की जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। कार्यक्रम में मनोज कुमार साहू अध्यक्ष, उदय कुमार सचिव, खेमचंद जंजीर, एलन देव प्राचार्य, बीआर साहू व्याख्याता की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

मौके पर खेमचंद जंजीर ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र धमतरी में नशा पीड़ित व्यक्तियों के निःशुल्क उपचार की सुविधा के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से योगाभ्यास , मेडिटेशन एवं व्यायाम के साथ-साथ इलाज किया जाता है। उदय कुमार साहू ने बताया कि नशे से व्यक्तियों को सामाजिक, मानसिक, पारिवारिक एवं आर्थिक तकलीफों से गुजरना पड़ता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पतन होता जाता है। नशा नाश की जड़ होती है। सभ्य समाज की स्थापना करने के लिए नशा मुक्ति समाज की कल्पना को साकार करने की आवश्यकता है।

शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्था के अध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि नशा से नुकसान होता है। स्वास्थ्य समस्या जैसी बीमारी होती है। एलएन देव प्राचार्य ने अपने विचार रखे। छात्र- छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा के आधार पर प्रश्न किया। उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन एलएन देव प्राचार्य ने किया। उल्लेखनीय है कि नशा मुक्ति भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम चिन्हांकित विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

## अंचल की खबरें

### नपं में नए सीएमओ ने पदभार ग्रहण किया



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी में नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौहान ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पार्षद ललित साहू, अश्वनी निषाद, नगर पंचायत कर्मचारी झनकलाल उइके उप अभियंता, दुर्गेश कुमार साहू स्वच्छता निरीक्षक, राजेंद्र कुमार साहू सहायक ग्रेड 3, सोनू सैनिक प्रभारी लेखपाल, संतोष नेताम, दीपक साहू, हरीश सोम, दुर्गेश साहू, खिलेश्वर साहू, योगेश निषाद, अजय साहू ने श्री चौहान को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

### मड़ेली में तुलसीदास जयंती मनाई गई



**जीजामगांव।** शासकीय बालक माध्यमिक शाला मड़ेली में तुलसीदास जयंती मनाई गई। बंशीलाल देवांगन सेवानिवृत प्रधानपाठक की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। उन्होंने तुलसीदास की जीवनी पर प्रकाश डाला। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू ने बच्चों को बताया कि तुलसीदास ने पत्नी प्रेम में लाश को नाव और सांप को रस्सी समझकर नदी पार कर लिया। उन्होंने जीवन में पढ़ाई के मूल्य को बताया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शाला परिवार द्वारा रैली का आयोजन किया जिसमें सरपंच लक्ष्मी नारायण साहू, उपसरपंच पुष्कर साहू, शिक्षाविद तुलस निषाद, पवन निषाद एवं चैतराम देवांगन शामिल हुए। शाला के प्रधानपाठक एसके बघेल ने नाग पंचमी, विश्व आदिवासी दिवस, हर घर तिरंगा एवं तुलसीदास के बारे में बताते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संकुल समवन्यक रवि साहू, शिक्षक होमलता साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन एवं मंत्री गाडगे उपस्थित थे।

### किसानों को दी फसल चक्र की जानकारी



**नगरी।** ग्राम पंचायत छिपली में फसल चक्र पर किसानों को जानकारी दी गई। रबी सीजन में धान के बदले दलहन, तिलहन की फसल लगाकर पानी बचाने की अपील किसानों से की। मौके पर कृषि विस्तार अधिकारी रमेश कोर्राम, सरपंच संत नेताम, किसान शांतनु कोसरे, टिकेश नवरंग, जागेन्द्र जांगड़े, अजय साहू, अनराज साहू, ओंकार नवरंग, नरेंद्र कोसरे, थानेश साहू, सतीश साहू, तोषण साहू,पवन पटेल सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### बच्चों ने पूर्व सैनिकों के साथ किया पौधरोपण



**जीजामगांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर के तत्वावधान में संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र के बच्चों ने प्रशिक्षक पूर्व सैनिक योगेश साहू, पूर्व सैनिक कमलनारायण मिश्रा एवं पूर्व सैनिक अश्वनी साहू के मार्गदर्शन में बजरंगदास हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने खेल मैदान अभनपुर की बाउंड्रीवॉल के साथ-साथ पौधरोपण किया। पौधरोपण का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में पर्यावरण के प्रति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया।

### डोंगरडुला में तिरंगा रैली निकली



**नगरी।** ग्राम पंचायत डोंगरडुला में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराकर रैली निकाली गई। मौके पर सरपंच फुलेश्वरी नेताम, सचिव ममता उईके, पंच चमेली साहू, फूलेश्वरी साहू, लीकु ध्रुव, परदेसी राम ध्रुव, देव कुमार साहू, जागेश्वरी साहू, ममता साहू, सीमा साहू, उषा साहू, प्रमिला साहू, अर्जुन मरकाम, पेमन्त साहू, बल्ला राजपूत, लच्छू ध्रुव, उदयराम साहू उपस्थित थे।

## चिंवरी में तिरंगा यात्रा निकाली गई

# शहीदों के बलिदान को याद करने का अवसर : लोकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि देश के नागरिकों में राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ाया जा सके। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत चिंवरी में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर जनपद सदस्य डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि इस अभियान में भाग लेकर देश के सभी नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीयता की भावना को संजीदगी से स्थापित करना है। उन्होंने तिरंगा के तीन रंग का महत्व बतलाते हुए मां, मातृभूमि और मातृभाषा से विशेष अनुराग को स्पष्ट किया। आगे कहा कि यह शहीदों के बलिदान को याद करने का अवसर है। तिरंगा यात्रा ने गांव के चौक-चौराहों का भ्रमण किया। पुराना बाजार चौक में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर दिलेश्वरी साहू सरपंच चिंवरी, हरेंद्र साहू सरपंच प्रतिनिधि, पूजा साहू, ममता साहू, कुलेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू, भुनेश्वरी पाल, निर्मला साहू, पूर्णिमा साहू, पंच महेश साहू, पंच जीवन साहू, दयालु साहू, गणेश तारक, चेतन साहू, पंचायत सचिव उपेंद्र साहू, झम्मन लाल साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ आशु जैन | डॉ अक्षय बैद | डॉ जोगेश |
|---|---|---|
| MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | MD,DM Interventional Cardiologist |
| 09 अगस्त 2024 शुक्रवार | 16 अगस्त 2024 शुक्रवार | 17 अगस्त 2024 शनिवार |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### बोल बम कांवरियों का किया स्वागत



**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा द्वारा बोल बम कांवरियों का स्वागत किया गया। कांवरिया महादेव घाट से अपने निज निवास जाने के रास्ते में अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू, सदस्य सत्यानंद साहू एवं सहायक देवेश सेन ने स्वागत किया। इससे पूरा माहौल बोल बम से गूंज उठा।

### छात्रों ने ली नशा मुक्ति की शपथ



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नशा से दूर रहने की अपील की गई। इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल, एचके साहू, केके वर्मा, आरके टंडन, जेके साहू, जीके साहू, एस अग्रवाल, एस साहू, एल सोन, जे ध्रुव, डीके साहू उपस्थित थे।

### श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के घरों में लगाया तिरंगा



**धमतरी।** धमतरी शहर मंडल अंतर्गत श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के घरों में जाकर तिरंगा लगाया गया। पूर्व महापौर अर्चना चौबे ने कहा कि भारत के नव निर्माण के लिए एवं लोगों में देशभक्ति की भावना जगाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर शरद चौबे, अमृत साहू, विनोद चक्रधारी, अनिल चक्रधारी, प्रतीक चौबे, महेश सुंदरनी समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

### महिला मोर्चा ने मनाया सावन महोत्सव



**अंवरी।** भखारा मंडल महिला मोर्चा की सदस्यों ने कोर्रा में सावन महोत्सव मनाया। महिलाओं के लिए बिंदी लगाओ, बैकेट बॉल, रस्साकसी, मोमबत्ती जलाओ, जलेबी दौड़ जैसे कई मनोरंजक खेल हुए। महिलाओं ने इसका लुत्फ लिया। मंडल महामंत्री अनीता गजपाल ने बताया कि पार्टी के निर्देश पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिंधु बैस, कालिंद्री साहू, पूर्णिमा साहू, चंद्रिका साहू, राखी साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### स्वतंत्रता दिवस पर बगदेही में रोपे पौधे



**बगदेही(धमतरी)।** 15 अगस्त पर ग्राम बगदेही में पंचायत भवन के समीप मैदान, ब्राह्मण तालाब एवं विभिन्न स्थानों पर नारियल, अशोक, पाम जैसे फलदार व छायादार पौधे रोपे गए। ग्रामीणों का कहना है कि 15 अगस्त आजादी के महापर्व को यादगार बनाने, अमर शहीदों के बलिदान को याद रखने पौधरोपण किया गया। सरपंच रामचंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15 अगस्त आजादी का महापर्व है। शहीदों को नमन करते हुए उनकी याद में पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया गया। आगे कहा कि मोबाइल का कहीं न कहीं दुरुपयोग हो रहा है। परिवार से परिवार दूर हो रहे हैं । समाज से समाज दूर हो रहा है। बच्चों को सही संदेश नहीं मिल पा रहा है। वाहनों को धीरे चलाएं। जीवन अमूल्य है। जीवन को महत्व को समझे। मौके पर नर्सिंग साहू उपसरपंच, हिमेश्वरी साहू सचिव, घनश्याम साहू, जीवनलाल साहू, सोमनाथ साहू, परमेश्वर, खूबलाल,टिकेश्वर, सत्यवती साहू, खुशहाली, चंपा बाई, भगवती बाई समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सिवनीकला में उमड़ा देशभक्ति का प्रेम



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में तिरंगा यात्रा के तहत हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। अटल चौक से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। गांधी चौक, आजाद चौक से चंपेश्वर पारा में रैली का समापन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा से लोगों में देशभक्ति का जज्बा बढ़ेगा। देशभक्ति व राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होगी। कार्यक्रम में सिवनीकला प्रभारी थानेश्वर तारक, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, दाऊ केवल चंद्राकर, ईश्वर साहू सरपंच, उपसरपंच कुलेश्वर साहू, पूर्व जनपद सदस्य सुशील साहू , पूर्व सरपंच विक्रम साहू, कपिल पटेल, सुरेश, लोमस, लक्ष्मण, किशोर, खिलावन, दीपदान, भारत कुंजीलाल, ललित चंद्रप्रकाश, टेकराम, डीलेन्द्र, बोधन, अवध, तेजराम , राधिका पटेल, छाया साहू, उर्मिला बेगम, मिलापा, नीतू गजीर, रामेश्वरी, सुमन, बबीता, टिकेश्वरी, सचिव लीलाराम तारक, प्राचार्य तुलसीराम पटेल, शिक्षकगण दीपक गुहा, किशन गायकवाड़, एनएस साहू, लीलाराम, टिकेश्वरी, डॉ देवराज विश्वकर्मा, डॉ. रितु रात्रे, लालजी, रुपू साहू उपस्थित थे।

गोधन न्याय योजना को बंद करने के विरोध में की जमकर नारेबाजी

# गौ सत्याग्रह : मवेशी लेकर नगर पंचायत आमदी कार्यालय पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







प्रदेश में भाजपा की साय सरकार द्वारा गोधन न्याय योजना को बंद करने पर धमतरी विधानसभा में कांग्रेसियों ने नगर पंचायत आमदी कार्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसी आमदी के बाजार चौक में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए खेतों और सड़कों में घूम रहे मवेशियों को लेकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। पुलिस प्रशासन ने बैरिकेड लगाकर रोकने का प्रयास किया। इस दौरान विधायक ओंकार साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड तोड़ नगर पंचायत कार्यालय गेट तक पहुंच गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमा-झटकी हुई। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि कांग्रेसी आगे भी गौवंश की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखेंगे। पूरे प्रदेश सहित अंचल में गौवंश की लगातार मौत हो रही है। गौठानों के बंद होने से आवारा मवेशियों की समस्या बढ़ी है। सरकार सहित स्थानीय प्रशासन को जगाने नगर पंचायत कार्यालय में मवेशियों को बांधने पहुचे थे। उनकी सरकार से मांग है कि गौठानों को पुनः शुरू किया जाए। गोधन योजना बंद होने से शहरी क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। किसान खेतो में चराई को लेकर परेशान है।

जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि गौ रक्षा के नाम पर वोट लेने वाली भाजपा की साय सरकार गोठानों को बंद कर गौ माता को सड़कों पर मरने मजबूर कर दिया है। गोधन न्याय योजना के तहत गौ-माता के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ गोठानों के माध्यम से पशुपालकों और स्वसहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही थी। मोहनलाल लालवानी और विपिन साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गोधन न्याय योजना चलाई जा रही थी जिसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। इससे मवेशियों की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। उन्होंने भाजपा सरकार से गोधन न्याय योजना को पुनः चालू करने की मांग की। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज साहू, आलोक जाधव, आकाश गोलछा, शास्त्री सोनवानी, राजा देवांगन, हितेश गंगवीर गजेंद्र कुम्भकार, कृष्णा मरकाम, उदित नारायण साहू, गुरुगोपाल गोस्वामी, अनीता ठाकुर, कविता साहू, वातांजलि गोस्वामी, चिंताराम साहू, सीताराम साहू, तोषण साहू, डोमेश्वर साहू, उदय साहू, अशोक कोसरिया, करण साहू, विक्रम साहू, गौतम साहू, शीतल साहू, अंकुर गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जल गंगा प्लम्बर यूनियन संघ के पन्नालाल अध्यक्ष बने



**धमतरी।** स्वतंत्रता दिवस पर जल गंगा प्लम्बर यूनियन संघ धमतरी का चुनाव मां विंध्यवासिनी मंगल भवन दानीटोला में हुआ। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पन्नालाल साहू बलियारा, उपाध्यक्ष शिवशंकर साहू पोटियाडीह, सचिव फागूराम साहू गोकुलपुर, सहसचिव अजय दादर महात्मा गांधी वार्ड, कोषाध्यक्ष चन्दूलाल साहू महात्मा गांधी वार्ड, महामंत्री दयाराम सिन्हा करेठा, महामंत्री नरेन्द्र साहू गोकुलपुर, संरक्षक गौरांग रावेल धमतरी, संरक्षक बिट्टू नायक धमतरी, सलाहकार रामेश्वर साहू, बोधलाल साहू, महंगूराम साहू धमतरी बनाए गए। गुमास्ता समिति सदस्यों में अध्यक्ष पवन साहू परेवाडीह, उपाध्यक्ष रतन सारथी धमतरी, सचिव किरण साहू हटकेशर, सहसचिव सुरेन्द्र सिन्हा सोरिद, कोषाध्यक्ष योगेश साहू बागतराई, सदस्यगण महेश साहू, जनक साहू, रेखराम साहू, केवल साहू, तुलेश साहू, मोहन ध्रुव, राम साहू, महेन्द्र साहू, गुरूशरण पटेल, गनेश्वर कंवर, हेमन्त साहू, पंचूराम, फूलचंद, जगेन्द्र साहू, छोटेलाल साहू, राजू साहू, दिनेश साहू शामिल हैं। यह जानकारी पन्नालाल साहू, शिवशंकर साहू, चन्दूलाल साहू, फागूराम साहू ने दी है।

## सिलौटी स्कूल में विश्व हाथी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में हाथियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व हाथी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संतोष कुमार जैन ने कहा कि पहला विश्व हाथी दिवस 12 अगस्त 2012 को मनाया गया। हाथी हमारे वन्यजीवों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिकार, आवास की कमी, अवैध व्यापार और मानवीय संघर्ष के कारण उनकी संख्या में लगातार कमी हो रही है। यह न केवल जैव विविधता के लिए खतरा है, बल्कि हमारी प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। सभी छात्रों व शिक्षकों ने हाथियों की सुरक्षा की शपथ ली तथा हाथियों के अवैध शिकार और अवैध व्यापार को रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की।

## भाजपा महिला मोर्चा ने पुलिस जवानों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



इस वर्ष भी भाजपा महिला मोर्चा सिर्री बिरेझर थाना के पुलिस जवानों को राखी बांधी। मोर्चा की सदस्यों ने क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के अवैध व्यापार पर रोकथाम करने थाना प्रभारी को सौंपा। महिला कमांडो को सक्रिय करने की बात कही। असामाजिक तत्वों से क्षेत्र की जनता की रक्षा का वचन पुलिस जवानों से लिया। इसके साथ ही हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत तिरंगा का वितरण किया। पुलिस चौकी में भी तिरंगा लहराया गया।

इस अवसर पर ज्योति भानु चंद्राकर भाजपा महिला मोर्चा प्रभारी कुरुद विधानसभा, रश्मि साहू मंडल अध्यक्ष सिर्री मंडल, पूजा साहू, दुर्गा साहू महिला मोर्चा प्रभारी सिर्री मंडल, वंदना ध्रुव, संतोषी साहू, लीकेश्वरी, कौशल्या साहू, मुन्नी साहू, प्रमिला साहू, गीता विश्वकर्मा, धर्मिन साहू, चमेली साहू, प्रमिला साहू, चित्ररेखा साहू सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

## अर्णव-रुद्र बैडमिंटन खेलने बेंगलुरु रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन डॉ एफ पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ श्रीमती ग्रेस पिंटो के निर्देशन में कक्षा दसवीं के अर्णव खंडेलवाल तथा कक्षा नवमी के रुद्र खंडेलवाल नेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बेंगलुरु के लिए रवाना हुए। वहां पर वे तुमकुर में सेंट्रल ऑफ स्पोर्ट्सके तत्वावधान में 19 अगस्त तक आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेंगे। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों इन दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन आईसीएसई बोर्ड द्वारा राजकुमार कॉलेज में आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट में हुआ था। उसके बाद से इन दोनों खिलाड़ियों ने नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए काफी अच्छी प्रैक्टिस भी की। संस्था की प्राचार्य सुश्री मृणालिनी सिंह, पीटीआई सुश्री टिकेश्वरी चंद्राकर एवं स्टाफ ने हर्ष जताया है।

## डॉ. खेदू भारती की 18 पुस्तकों का हुआ विमोचन



- देशभर की 16 विभूतियों को मुंशी प्रेमचंद स्मृति धारा रत्न अलंकरण सम्मान दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. खेदू भारती द्वारा सृजित 18 पुस्तकों व 1 राष्ट्रीय साझा काव्य संग्रह व भूपेश भारती और डॉ. आकांक्षा मिश्रा की 1-1 पुस्तक का विमोचन पीजी कालेज में हुआ। मुख्य अतिथि छालीवुड के सुपरस्टार प्रकाश अवस्थी थे। अध्यक्षता डॉ. श्रीदेवी चौबे प्राचार्य ने की। विशेष अतिथि श्रीमती मोहनी साहू अध्यक्ष महिला एसोसिएशन धमतरी, संगीता मानिकपुरी लोकगायिका, डॉ. चंद्रशेखर चौबे पूर्व प्राचार्य पीजी कालेज तथा डुमन लाल ध्रुव अध्यक्ष जिला हिन्दी साहित्य समिति धमतरी थे। स्वागत भाषण हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रिका साहू ने दिया। डॉ. खेदू भारती ने साहित्य सर्जन को समाज के लिए दिशा व दशा बताया। इसके बाद सभी वक्ताओं ने अपनी -अपनी भावनाएं व्यक्त की।

इस अवसर पर कुल 21 पुस्तकों के विमोचन के साथ ही देशभर से चयनित 16 विभूतियों को मुंशी प्रेमचंद स्मृति धारा रत्न अलंकरण सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. चन्द्रिका साहू, डॉ. अनीता राजपुरिया, डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. दूजराम टंडन, भारती सोनी, ममता मिश्रा, हेमंत कौशिक, सावित्री नेताम, धनेश्वरी बंजारे, दामिनी साहू सहित मितान धारा फाऊंडेशन के सदस्य व कार्यकर्ता साहित्यप्रेमी, प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कुशलचंद चोपड़ा व भूपेश भारती तथा आभार प्रदर्शन पूर्णिमा कौशिक ने किया।

## बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने किया मंत्रमुग्ध





- जीनियस पब्लिक स्कूल में उल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





जीनियस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल नगरी में आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। अतिथि उत्तम साहू, राजशेखर नायर, अभिनव अवस्थी, शैलेंद्र लाहोरिया, अशोक संचेती, दीपेश निषाद, कुलदीप साहू, रिजवान खान, देवेंद्र मिश्रा, राजू पटेल, गोलू मंडावी, राजू गोसाई थे। अतिथियों ने मां सरस्वती और भारत माता की पूजा अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया। मार्च पास्ट की सलामी ली और बच्चों के पीटी ड्रिल का लुत्फ उठाया। संस्था के पी.टी.आई. भानुप्रताप सिन्हा और छात्रा यशस्वी ध्रुव ने कार्यक्रम को लीड किया । बच्चों ने भगतसिंह, रानी दुर्गावती, झांसी की रानी, राजगुरु की वेशभूषा में प्रस्तुति दी। राजशेखर नायर ने अपने उद्बोधन में बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिकाओं तनुजा साहू और शीबा खान ने किया। संचालक मंडल के मोहन सोनी, संतोष आग्लावे एवं ऐश्वर्या सोनी ने इस आयोजन पर हर्ष जताया। प्राचार्य नीलचंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को तीन फैक्ट्री के मालिक बनने की प्रेरणा दी। दिमाग को शांत और ठंडा रखने के लिए बर्फ फैक्ट्री, हृदय को मजबूत करने के लिए स्टील फैक्ट्री और जुबान को मीठा रखने के लिए शुगर फैक्ट्री के मालिक बनने की सलाह दी। इस तीन चीजों को उन्होंने सफलता के सूत्र के रूप में बताया।

## मालवाहक वाहनों से जान-माल का जोखिम

- सभी मालवाहक वाहनें शहर के बाहर बाईपास से गुजरना चाहिए : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि मालवाहक वाहनें धमतरी शहर होते हुए सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में गुजरते हैं। ओवरलोड होने के कारण वाहन चालक मालवाहक वाहनों का संतुलन नहीं बना पाते जिसके कारण सड़क दुर्घटना हो रही है। अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। मालवाहक वाहनों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पिछले एक माह में करीब दर्जन भर से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। आगे कहा कि ओवरलोड मालवाहक वाहनों के धमतरी शहर से गुजरने के कारण सड़क जल्द खराब हो जाएगी। उन्होंने एसपी एवं यातायात प्रभारी से शहर में यातायात व्यवस्था ठीक करने के लिए आरटीओ को निर्देशित करने की बात कही। आगे कहा कि सभी मालवाहक वाहनें सिर्फ बाईपास से होकर गुजरना चाहिए। शहर के अंदर मालवाहक गाड़ियों को घुसने की अनुमति न दी जाए और जो भी गाड़ी धमतरी शहर के अंदर से गुजरती है, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

बुधवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत मालवाहक ट्रक की चपेट में आने कारण हो गई। उनके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। विधायक ने आगे कहा कि बाईपास बनने के बावजूद भारी वाहन शहर के अंदर से गुजर रहे हैं। उन्होंने भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश करने न कराने यातायात पुलिस को निर्देशित किया।

### भालूझूलन स्कूल में न्योता भोज का हुआ आयोजन

**डांडेसरा** धमतरी। बोल बम समिति द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला भालूझूलन में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं को खीर-पूड़ी परोसी गई।

आमदी में शिव महापुराण कथा श्रवण करने जुटी भीड़

# साक्षात शिव का स्वरूप है रुद्राक्ष : प्रदीप तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महाकाल सेवा समिति एवं महिला स्व सहायता समूह के संयुक्त तत्वावधान में संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन नगर पंचायत आमदी में किया गया है ।दंतेश्वरी चौक में स्थित आयोजित कथा श्रवण करने रोजाना भक्तों की भीड़ जुट रही है। कथावाचक पंडित प्रदीप तिवारी ने कहा कि मानव को सदैव अच्छे कर्म करना चाहिए। क्योंकि अच्छे कर्म से मानव जीवन सदैव सुखमय रहता है। भक्ति में बड़ी शक्ति होती है ।इसके जरिए हम ईश्वर को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने रुद्राक्ष के बारे में जानकारी देते हुए कह कि रुद्राक्ष का अपना अलग ही महत्व है ,क्योंकि रुद्राक्ष साक्षात शिव का ही स्वरुप है ।इसलिए मानव को रुद्राक्ष अवश्य धारण करना चाहिए। इसका नियम का पालन होना भी जरूरी है, तभी इसे धारण करने में सार्थकता है। जहां कहीं पर भी शिव महापुराण कथा हो उसे पूरी श्रद्धा भाव से श्रवण करना चाहिए। कथा श्रवण करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। सावन मास में शिव महापुराण कथा श्रवण करने से दोगुना फल मिलता है । भगवान भोलेनाथ की कृपा इस मास में विशेष बरसती है। उन्होंने सती चरित्र कथा प्रसंग पर भक्तों को कथा रसपान कराया। शिव महापुराण कथा 18 अगस्त तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक आयोजित है। विश्व कल्याण की कामना को लेकर सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजा भी विधि विधान से संपन्न कराई जाएगी। मौके पर पारायण कर्ता पंडित राजकुमार तिवारी, आशीष तिवारी, पार्षद उमाशंकर कुंभकार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रीति कुंभकार, डॉ सुरेश कुंभकार, मुख्य यजमान मुकेश कुंभकार, रामानंद, रामचंद्र, भूषण साहू, धरम साहू, विष्णु, धनराज गुप्ता, गोपाल बनवासी, पार्वती कुंभकार, अनुराधा, राजकुमारी, उषा, मिथिलेश्वरी, लोकेश्वरी, मंजु साहू, सुभद्रा बाई, रश्मि, चमेली, पुष्पा सहित समिति के सदस्य एवं भक्त मौजूद थे।

### रामपुर स्कूल के छात्रों को सत्यम, शिवम सुंदरम और मधुरम हाउस में बांटा गया

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में छात्र छात्राओं को अलग- अलग हाऊस प्रदान किया गया। यह हाउस अकादमिक ईयर 2024 में स्कूल में किसी भी प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सहायता एवं नेतृत्व प्रदान करता है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में कुल 200 छात्र छात्राओं को चार हाऊस में बांटा गया है जिसे सत्यम शिवम्- सुंदरम और मधुरम हाउस नाम दिया गया है। चारों हाउस के रंग लाल, हरा, पीला, नीला है। चारों हाऊस के कोऑर्डिनेटर का चुनाव किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक -शिक्षिकाएं शामिल हैं। चारों हाउस के हाउस कैप्टन का चुनाव किया गया।


स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, तीजा,
पोला, गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर
हार्दिक बधाई.. शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सिवनीकला
ईश्वर साहू
सरपंच सिवनीकला
कुलेश्वर साहू
उपसरपंच सिवनीकला
लीलाराम तारक
सचिव सिवनीकला
पंचगण
नरोत्तम तारक
टुकेश्वर साहू
अरूण साहू
टामेश्वरी साहू
लक्ष्मी निर्मलकर
छाया साहू
धनंजय मरकाम
कृष्णा भारती
अमर साहू
रामेश्वरी तारक
सुरेश साहू
इन्द्रा तारक
पूर्णिमा तारक
मोनिका साहू
रामेश्वरी साहू
राधिका पटेल
तोषण साहू
ललित पटेल
कुलेश्वरी ध्रुव
बबीता साहू क.आप.
किशोर साहू भृत्य
विनीत - समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत सिवनीकला ( कुरूद )


समस्त मजदूर, किसान भाई,
ग्राम, नगर, क्षेत्र, जिले एवं
प्रदेशवासियों को
15th AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आशीष शर्मा
अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद
राजकुमार साहू
उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद
राजू साहू
अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा
डीहूराम साहू
अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी मगरलोड
मनीष साहू
सभापति नगर पंचायत कुरूद
विनीत : समस्त कार्यकर्तागण कांग्रेस पार्टी कुरूद विधानसभा


मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
भारत माता के सपूतों तथा देश के लिए बलिदान देने वाले
शहीदों को शत्-शत् नमन...
15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों,
प्रदेशवासियों, क्षेत्रवासियोंमित्रों व किसान भाईयों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
आइये... देश के विकास के लिए... देश की रक्षा के लिए... राष्ट्रहित के लिए, आओ संकल्प लें...
मा. अजय चन्द्राकर
पूर्व केबिनेट मंत्री
विधायक कुरूद
विनीत : पवार कन्ट्रक्शन कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.)


15
अगस्त
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं
सीने में जुनून और
आंखों में देशभक्ति की चमक रखता हूं
दुश्मन की सांसे थम जाए
आवाज में इतनी खनक रखता हूं
राजा देवांगन
- जिलाध्यक्ष -
एनएसयूआई धमतरी
विनीत - समस्त एनएसयूआई कार्यकर्ता धमतरी


हर घर तिरंगा
घर घर तिरंगा
15TH AUGUST
समस्त क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चलो फिर से आज वह नजारा याद कर लें,
शहीदों के दिल में थी वो ज्वाला याद कर लें
जिसमें बहकर आजादी पहुंची थी किनारे पे,
देशभक्तों के खून की वो धारा याद कर लें
शुभेच्छु : विजय मोटवानी, पार्षद-आमापारा वार्ड, धमतरी


धनहा धमतरी
धमतरी वृक्षारोपण अभियान
एक पेड़
माँ के नाम
सामान्य वन मण्डल-धमतरी


15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त वीर अमर शहीदों को नमन करते हुए
क्षेत्रवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
अखिलेश लक्ष्मीनारायण सोनकर
महामंत्री भाजपा धमतरी शहर
प्रो. वैष्णवी पैथालॉजी
वैष्णवी पैथालॉजी
रूद्री रोड, धमतरी


समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
धनीराम सोनकर
पार्षद रामपुर वार्ड धमतरी
कैलाश सोनकर
जिला अध्यक्ष भाजयुमो धमतरी

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

**धमतरी।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कलेक्टर कार्यालय और अपने निवास में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्काउट्स-गाइड्स निर्वाचन के लिए सूची प्रकाशित

**धमतरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के जिला परिषद् एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिला संघ धमतरी के निर्वाचन के लिए जारी अधिसूचना के परिपालन में बीते 8 अगस्त को जिला संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं आजीवन सदस्य प्रतिनिधि निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने बताया कि सूची का अवलोकन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी एवं सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### काऊ कैचर टीम ने 47 आवारा मवेशी पकड़े



**धमतरी।** निगम की काऊ कैचर टीम ने सड़क पर बैठे 47 मवेशियों को पकड़कर अर्जुनी गौठान में छोड़ा। ज्ञात हो कि शहर के मुख्य मार्गो में अक्सर देखा जा रहा है कि मवेशी सड़क के बीच में आकर बैठ जाते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। आयुक्त विनय पोयाम के निर्देश एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के मार्गदर्शन में काऊ कैचर टीम द्वारा अभियान चलाकर शहर के विभिन्न मार्गों में लावारिस हालत में बैठे मवेशियों को पड़कर अर्जुनी स्थित गौठान में रखा जा रहा है। पालतू मवेशियों के मालिकों से नगर निगम ने अपील की है कि अपने मवेशियों को अपने घरों में बांधकर रखें। सड़क पर मत छोड़े। इन्हीं मवेशियों के कारण दुर्घटना हो जाती है। गौरव पथ, अंबेडकर चौक से सोरिद पुल नेशनल हाईवे, एचपी गैस गोदाम तक सड़क पर बैठे मवेशियों को हटाते हुये 47 आवारा मवेशियों को पकड़कर अर्जुनी गौठान में लाया गया। मवेशी धरपकड़ की कार्रवाई लगातार जारी है। इस अभियान में काऊ कैचर टीम प्रभारी चैतन्य सिंह चंदेल, श्यामू सोना, बंशी दीप, गोविंद पात्रे, निकेतन यादव, योगेश रजक, संजय यादव, अनिल चौरे, करण महार, योगेश रंगारी, दीपक खिलाड़ी, सुरेंद्र गुप्ता, गोपाल यादव उपस्थित थे।

### केयर स्किल फाउंडेशन ने दिए सफलता के टिप्स

**धमतरी।** केयर स्किल फाउंडेशन संस्था द्वारा मोटिवेशनल क्लास कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भोथा में किया गया। केयर स्किल फाउंडेशन के सदस्यों ने छात्रों को प्रेरित करना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें जुनून और दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना, कैसे अपने दैनिक जीवन में समय प्रबंधन करना, अपने अंदर की शक्तियों की खोज करने और स्कूल जीवन में सफल होने के लिए उनका उपयोग करने के तरीके के बारे में बताया। कार्यक्रम में सरपंच रोहित यादव, पंच महेश्वरी साहू, शिक्षक टिकेश्वर यादव के अलावा केयर स्किल फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय निषाद, केंद्रीश श्री साहू, शशिकांत साहू, विनोद साहू, ओंकार साहू, धन्नू चंद्रवंशी, सुनील जांगड़े, हरिश्वर दास, प्रकाश कुर्रे, अजय चौधरी, संदीप पंडा उपस्थित थे।

धमतरी जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

# देशभक्ति का जज्बा और छत्तीसगढ़ी नृत्य ने बांधा समां

- मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने किया ध्वजारोहण
- स्कूली विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति
- जिले के 41 शहीद के परिजनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय तरीके से मनाया गया। जिला मुख्यालय के स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर ने सुबह नौ बजे बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद मुख्य अतिथि श्री चन्द्राकर ने कलेक्टर नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के साथ परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के बाद हर्ष फायर और एकता के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए।

समारोह का आकर्षण 12 प्लाटून द्वारा ताल से ताल मिलाकर किया गया मार्च पास्ट था। इसके साथ ही समारोह में जिले के 41 शहीदों के परिजनों का सम्मान शॉल और श्रीफल से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया। स्कूली बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाक में प्रस्तुति दी। देशभक्ति का जज्बा और छत्तीसगढ़ी नृत्य ने समारोह में मौजूद लोगों को बांधे रखा। समारोह में मार्च पास्ट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आए प्रतिभागियों को मंच से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर ने जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 54 अधिकारी, कर्मचारियों और अन्य लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक स्कूल बठेना प्रथम, डीपीएस स्कूल सांकरा द्वितीय और एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह नगरी तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में विधायक धमतरी ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, रामू रोहरा, पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, गुरुमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मीना बंजारे, खूबलाल ध्रुव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मनीषा साहू, सदस्य श्रीमती कविता बाबर, सहित नरेन्द्र दोहरा, श्रीमती अर्चना चौबे, डॉ एनपी गुप्ता, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।



#### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

मुख्य समारोह में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे विजेताओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया गया। मार्च पास्ट में जिला पुलिस बल पुरूष पहले, जिला नगरसेना बल पुरूष द्वितीय, जिला पुलिस बल महिला तीसरे स्थान पर रहे। एनसीसी सीनियर डिवीजन बालक-बालिका पीजी कॉलेज प्रथम और एनसीसी जूनियर डिवीजन बालिका मॉडल इंग्लिश स्कूल प्रथम, एनसीसी जूनियर डिवीजन बालक नूतन स्कूल धमतरी द्वितीय, वंदेमातरम विद्यालय प्लाटून तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह स्काउट प्रथम एवं गाईड द्वितीय तथा जिला रेडक्रॉस प्रथम स्थान पर रहे। इस बार जिला कोटवार का प्रदर्शन मार्चपास्ट में पहली बार हुआ, जिन्हें मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।





## सामूहिक नृत्य विधा में सेजेस बठेना अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेहतरुराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना के छात्रों ने स्वतंत्रता दिवस पर्व पर जिला स्तरीय सामूहिक नृत्य विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने सम्मानित किया। सामूहिक नृत्य की थीम जल- जगार, एक पेड़ मां के नाम, मिशन अव्वल, मानसिक स्वास्थ्य, धनहा धमतरी, गंगरेल एवं बस्तरिया नृत्य आदि विषयों का प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य एन पांडेय एवं शिक्षकीय स्टॉफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में पढ़ाई के साथ-साथ नृत्य की विधा में भी नया आयाम स्थापित करने की बात कही।

## क्रिकेट अनिश्चिताओं का खेल : ओंकार

- अरौद में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखा गेंदबाजी और बल्लेबाजी का कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम अरौद (लीलर) में एकता क्रिकेट क्लब अरौद के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने खिलाड़ियों एवं आयोजक समिति के मनोबल को बढ़ाया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि क्रिक्रेट एक ऐसा खेल है जिसमें बल्ले और गेंद की आवश्यकता होती है। यह दुनिया में सबसे प्रचलित खेलों में से एक है। छत्तीसगढ़ में क्रिकेट का खेल कई वर्षों से खेला जा रहा है। क्रिकेट भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले खेलों में सबसे अधिक प्रसिद्ध है। क्रिकेट की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि इस खेल को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जितनी स्टेडियम में जाती है उतनी किसी दूसरे खेल नहीं जाती। आगे कहा कि सिर्फ क्रिकेट ही नहीं बल्कि सभी प्रकार का खेल स्वास्थ्य, बुध्दि और उत्साह को बढ़ाता है साथ ही सहयोग व प्रतियोगिता की भावना का विकास करता है। क्रिकेट के खेल से आपसी एकता और भाईचारे का विकास होता है। आगे कहा कि क्रिकेट अनिश्चिताओं का खेल है। मौके पर खूबलाल ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, लीलेश्वरी सिन्हा, केशव साहू, सूर्या नेताम पूर्व जनपद सदस्य, नीलकंठ ध्रुव, तोमेश्वर दास सिन्हा उपसरपंच, जगदीश यादव, पुरूषोत्तम सिन्हा, अजय यादव, राधे सिन्हा, गंगाप्रसाद, दिनेश नेताम, उमेन्द्र सिन्हा अध्यक्ष क्रिकेट क्लब, बसंत सिन्हा, होमन नेताम, मोहित कुमार, रामानंद, गैंदलाल ध्रुव, भोजराम साहू, भूपेंद्र ध्रुव उपस्थित थे।

## शिव देवांगन को दी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



हरिभूमि परिवार से जुड़े शिव देवांगन की 15 अगस्त की मौत हो गई। उनकी आकस्मिक मृत्यु पर नगरी क्षेत्रवासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि बेलर निवासी स्व. शिव देवांगन ने वर्ष 2000 से लेकर 2020 तक लगातार हरिभूमि समाचार पत्र के वितरण, समाचार संकलन का कार्य नगरी तहसील के बेलर क्षेत्र में किया था। स्व. देवांगन की आकस्मिक मृत्यु पर नगरी तहसील क्षेत्र के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। उनके निधन पर गोपी कश्यप, सुरेश नेताम, घनश्याम नेताम, प्रेम नारायण सिन्हा, कुलदीप साहू, जालम सिंह पटेल, जितेंद्र मंडावी, लोकेश मरकाम, दीपेश मानिकपुरी समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि प्रकाश बैस, अंबिका मरकाम, कैलाश प्रजापति, श्रवण मरकाम, पिंकी शाह, श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, विकास मरकाम, नागेंद्र शुक्ला, राजेंद्र गोलछा, विकल गुप्ता, कमल डागा, दिनेश्वरी नेताम, महेन्द्र नेताम, अजय नाहटा, मोहन नाहटा, रविशंकर दुबे, अकबर कश्यप, मनोहर मानिकपुरी, मोहन नाहटा, हुमित लिमजा, मन्नू यादव, मोरध्वज सेन, देवेंद्र परिहार, भारत लाल देवागन, दाऊवा लाल देवांगन, कैलाश नाथ प्रजापति, बीरेन्द्र प्रजापति, लोकेश देवागन, सुभाष चंद्र साहू, उमेश साहू, परेश साहू, खेमन लाल साहू ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

- प्लास्टिक, डिस्पोजल के कचरों व खरपतवारों को साफ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)




शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्रभारी प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार तथा महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वच्छता समिति प्रभारी डीगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के हिन्दी के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने रासेयो स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। हमारे आसपास स्वच्छता रहने से हमारा मन व शरीर दोनों स्वच्छ रहता है। उन्होंने रासेयो स्वयंसेवकों को स्वच्छ भारत अभियान के बारे में विस्तार से बतलाया। इस अभियान का उद्देश्य गावों व शहरों को स्वच्छ बनाना तथा स्वच्छता हेतु जागरूकता फैलाना है। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक, डिस्पोजल के कचरों व छोटे-छोटे खरपतवारों को साफ किया। साथ ही गड्ढों में रूके हुए पानी में मिट्टी डाली ताकि गंदे पानी से फैलने वाले बीमारियों को रोका जा सके।

इस अवसर पर महाविद्यालय के तरूण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, अंकित कुमार बोधवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य तथा अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, भोलाशंकर सेन, मन्नू साहू एवं स्वयंसेवक छत्रपाल, संदीप कुमार, कुणाल, डुमेश्वरी, रेणुका उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब ने मुक्तिधाम में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने कुरुद प्रेस क्लब ने नगर के मुक्तिधाम में विभिन्न प्रजाति के 51 पौधे रोपकर एक अभिनव पहल की है। इस पौधरोपण कार्यक्रम को एक पेड़ पितरों के नाम दिया। पत्रकारों द्वारा किए जा रहे इस रचनात्मक कार्य में जनप्रनिधि, मिलर्स और व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी।

देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे कदम बढ़ाया जा रहा है। उसी दिशा में इस बार एक नई पहल करते हुई 15 अगस्त को कुरुद प्रेस क्लब के सदस्य नगर के मुक्तिधाम में पौधरोपण करने पहुंचे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, शांति घाट व्यवस्था समिति के अध्यक्ष सुरेश महावर, कैलाश शुक्ला, मनोज अग्रवाल, राइसमिल एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेंद्र केला, प्रदीप साहू, प्रेस क्लब के संरक्षक कृपाराम यादव, अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, उपाध्यक्ष चंदन शर्मा, महासचिव रूपेश साहू, पूर्व अध्यक्ष धनसिंह सेन, जमाल रिजवी, अजय केला, गणेश साहू, सदस्य यशवंत गंजीर, दीपक साहू, घनश्याम साहू आदि ने पाम के पौधे रोपे। पत्रकारों द्वारा किए पौधरोपण कार्यक्रम की सभी ने प्रशंसा की है।



**एक पेड़ पितरों के नाम : बरगद, पाम, नीम के रोपे 51 पौधे**

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है




श्यामतराई बाईपास के पास हुआ हादसा

# मवेशी बचाने के चक्कर में कार पलटी, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मवेशियों के अचानक सड़क पर दौड़ जाने से जगदलपुर जा रही कार श्यामतराई बाईपास बाईपास के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में कार में सवार दंपति सहित तीन घायल हो गये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार राजिम क्षेत्र के मानिकचौरी निवासी सुदामा साहू उम्र 40 वर्ष जगदलपुर में कार्यरत है। सुदामा अपनी पत्नी योगिता साहू उम्र 35 वर्ष के साथ रायपुर में आयोजित शिव महापुराण कथा सुनने गये थे। जहां से अपने घर मानिकचौरी चले गये। वहां से सुदामा कार में पत्नी योगिता व गांव की एक अन्य महिला रत्ना तिवारी उम्र 40 वर्ष के साथ वापस जगदलपुर लौट रहे थे। धमतरी बाईपास से गुजर रही कार ग्राम श्यामतराई के पास पहुंची थी। इसी दौरान मवेशी सड़क क्रॉस करते कार के सामने आ गये। मवेशी से टकराने से बचाने के लिए जोर से कार का ब्रेक लगाया गया लेकिन कार अनियंत्रित होकर बाईपास किनारे स्टील के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस घटना में कार में सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहीं संजीवनी 108 भी मौके पर पहुंच गई। तीनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों का उपचार जारी है।

